तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 अपार आईडी का कार्य लंबित, कलेक्टर ने जताई नाराजगी



खबर संक्षेप

सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आज

बैकुण्ठपुर। जिला स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में बुधवार को आयोजित होगी। दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता क्षेत्र की लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत करेंगी। लोकसभा क्षेत्र कोरबा की सांसद बुधवार को मंथन कक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। इस बैठक में बैकुण्ठपुर क्षेत्र के विधायक श्री भइयालाल राजवाड़े, भरतपुर सोनहत क्षेत्र की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह सरूता भी शामिल होंगे। अन्य जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री मोहित राम पैकरा तथा बैकुण्ठपुर और शिवपुर नगरपालिका के अध्यक्ष एंव दोनो जनपदों के अध्यक्ष भी दिशा की बैठक में उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने दिशा समिति के बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में आज फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण की निर्धारित समय-सारणी, नवीन मतदाताओं के पंजीयन, दावे-आपत्तियों के निराकरण, मतदान केंद्रों की स्थिति तथा स्वच्छ, अद्यतन एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी लिंगराज सिदार, एसडीएम शशि शेखर मिश्रा, उत्तम कुमार ध्रुव, प्रदीप कुमार राठिया, जिला शिक्षा अधिकारी रविकांत यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा, उपेन्द्र कुमार एवं सतीश द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पाखी बेस्ट ब्यूटीशियन अवार्ड से सम्मानित

बिश्रामपुर। हुनर, मेहनत और लगन के दम पर बिश्रामपुर की



पाखी राय ने सौंदर्य जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। नगर की टूए कॉलोनी निवासी पाखी राय को मुंबई में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में छत्तीसगढ़ की बेस्ट ब्यूटीशियन के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के साथ उन्हें कंपनी की तरफ से चार दिवसीय सिंगापुर यात्रा का अवसर भी मिला है। वह 24 अक्टूबर को सिंगापुर के लिए रवाना हो चुकी हैं। जानकारी के अनुसार सितंबर माह में मुंबई के आईटीसी मराठा में आयोजित इस आयोजन में देशभर से करीब 700 ब्यूटीशियन और मेकअप आर्टिस्ट शामिल हुए थे।

सब्जी व्यवसायी ने फांसी लगा की आत्महत्या

अम्बिकापुर। लातेहार अंतर्गत गारू हेनार निवासी इंद्रदेव प्रजापति (20 वर्ष) महामाया मंदिर के समीप रहकर पत्नी के साथ सब्जी बेचने का काम करता था। हर रोज की भांति रविवार को महामाया मंदिर के समीप सब्जी बेच रहा था। शाम को पत्नी सुधा को घर में आराम करने की बात कहकर चला गया। कुछ समय बाद दुकान के सामने मवेशियों के आ जाने पर सुधा ने मवेशियों को भगाने के लिए पति को आवाज लगाई लेकिन पति नहीं आया। जिस पर पत्नी दुकान के समीप घर गई तो देखी पति कमरे में साड़ी के सहारे फांसी में लटका हुआ। पत्नी ने लोगों की मदद से पति को फांसी से उतार मेडिकल कॉलेज लेकर गई जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कटाई के लिए तैयार धान की फसल पर संकट, कटे धान को होगा अधिक नुकसान

बेमौसम बारिश की आशंका से किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती प्रभाव के चलते मौसम विभाग ने 28 और 29 अक्टूबर को बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके एक दिन पहले ही कोरिया जिले में मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और दिन में हल्की ठंड का अहसास होता रहा।

मंगलवार को जिले में अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, उत्तरी छत्तीसगढ़ में भी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। ऐसे में धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार होने के बीच किसानों की चिंता बढ़ गई है। वर्तमान में जिले के अधिकांश खेतों में धान की फसल पककर तैयार है, लेकिन कटाई का काम अभी पूरी तरह शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में एक-दो दिन बारिश होने से खेतों में खड़ी फसल को अपेक्षाकृत कम नुकसान होने की संभावना है। हालांकि, जिन किसानों ने धान की कटाई कर



फसल को खेतों में ही छोड़ दिया है, उनके लिए बारिश परेशानी बढ़ा सकती है। नमी के कारण कटी हुई धान की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ ही उसके खराब होने की आशंका भी है। इसे देखते हुए किसान जल्द से जल्द कटी हुई फसल का उठाव कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। वहीं, खलिहानों में रखी धान की फसल को बारिश से बचाने के लिए उसे ढकने की व्यवस्था की जा रही है।

प्रशासन अलर्ट: भारतीय मौसम विज्ञान विभाग रायपुर से प्राप्त मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार जिला एमसीबी में संभावित चक्रवाती तूफान अर्नब एवं भारी वर्षा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य एवं दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में बने अवदाब के चक्रवाती तूफान में परिवर्तित होने की संभावना को देखते हुए 28 से 29 अक्टूबर के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वर्षा एवं तेज हवाएं चलने की आशंका जताई गई है। जिले में विशेष रूप से 29 अक्टूबर को संभावित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने ⏭शेष पेज 2 पर

अच्छी पैदावार के बीच मौसम की मार का डर

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष मानसून की सक्रियता में देरी के कारण शुरूआती दौर में खेती प्रभावित होने की आशंका थी। हालांकि, बाद में अच्छी बारिश होने से खेती-किसानी की स्थिति में सुधार हुआ और धान की फसल भी अच्छी हुई है। अब जब फसल पककर कटाई के लिए तैयार है, ऐसे समय में बेमौसम बारिश की चेतावनी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों को आशंका है कि यदि लगातार बारिश होती है, तो कटाई और फसल के सुरक्षित भंडारण में परेशानी आ सकती है। ऐसे में किसान मौसम साफ रहने और फसल को सुरक्षित समेटने की उम्मीद कर रहे हैं।



फार्मासिस्ट नहीं मिले तीन मेडिकल स्टोर बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मेडिकल स्टोरों में नियमों के पालन की जांच करते हुए तीन मेडिकल स्टोरों को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक बंद करवा दिया है।

- तीन संचालकों को नोटिस

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विभागीय टीम ने एमसीबी जिले के केल्हारी एवं मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इस दौरान मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के तीन मेडिकल स्टोरों में फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। वहीं केल्हारी क्षेत्र में 5 मेडिकल स्टोरों की जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर तीन संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की अनुशंसा की गई है। विभागीय निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति पाए जाने पर जिन तीन मेडिकल स्टोरों को आगामी आदेश तक बंद करवाया गया है, उनमें बालाजी फामेर्सी मनेन्द्रगढ़, मेट्रो सिस्टम्स मनेन्द्रगढ़ और स्मार्ट लैब फामेर्सी चैनपुर मनेन्द्रगढ़ शामिल हैं। विभाग ने इन मेडिकल स्टोरों का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करवाया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में संचालित मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य

औषधि विक्रय के लिए लागू नियमों के तहत मेडिकल स्टोर में पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति और निर्धारित प्रावधानों का पालन आवश्यक है। फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में औषधियों का विक्रय नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा निरीक्षण और कार्रवाई की जा रही है, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध हो सकें।

अखंड सुहाग की कामना का पर्व करवा चौथ कल, बाजार में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अखंड सुहाग और पति की लंबी आयु की कामना का पर्व करवा चौथ 29 अक्टूबर को सुहागिन महिलाओं द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर महिलाओं में कई दिनों पहले से ही उत्साह देखने को मिल रहा है।

व्रत की तैयारियों के लिए महिलाएं पूजा सामग्री, मिट्टी के करवा, छलनी, श्रृंगार सामग्री और आकर्षक साड़ियों की खरीदारी में जुटी हैं। इसके चलते बैकुण्ठपुर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। वहीं, पर्व को देखते हुए ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की भीड़



मिट्टी के करवा और छलनी की बढ़ी मांग

करवा चौथ की पूजा में मिट्टी के करवा का विशेष महत्व होता है। इसे देखते हुए दुकानदारों ने विभिन्न रंगों और डिजाइनों के करवा बिक्री के लिए रखे हैं। महिलाएं अपनी पसंद के अनुसार करवा की खरीदारी कर रही हैं। वहीं, चंद्रमा के दर्शन के समय उपयोग होने वाली छलनी की भी मांग बढ़ गई है। दुकानदार छलनी को आकर्षक तरीके से सजाकर बेच रहे हैं।

बढ़ने लगी है। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। इसके बाद रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर व्रत का पारण करती हैं। इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करती हैं।

पर्व को लेकर बाजार में मिट्टी से बने रंग-बिरंगे और कलात्मक करवा आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शहर के कुमार चौक के पास सड़क किनारे कई दिनों से मिट्टी के करवा की बिक्री की जा रही है। पर्व नजदीक आने के साथ ही इनकी मांग भी बढ़ गई है। ⏭शेष पेज 2 पर

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें एवं मांगें गंभीरतापूर्वक सुनीं। इस दौरान नागरिकों ने भूमि विवाद, आर्थिक सहायता, दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाइकिल, शासकीय नियुक्ति, ऋण स्वीकृति, निर्माण कार्य, धान खरीदी केंद्र परिवर्तन, नामांतरण, सीमांकन एवं पेयजल सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

तनाव को कमजोरी नहीं, ताकत बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में मंगलवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में छात्र सहायता, मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ के तत्वावधान में व्यक्तित्व विकास एवं तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

- समय प्रबंधन से मिलेगी सफलता

कार्यशाला का मुख्य विषय तनाव एवं समय प्रबंधन तनाव से ताकत तक रहा। इसमें छात्राओं एवं प्राध्यापकों को तनावपूर्ण परिस्थितियों का सकारात्मक ढंग से सामना करने, समय का प्रभावी उपयोग करने तथा जीवन में संतुलन बनाए रखने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में रायपुर के हेल्थ एवं लाइफस्टाइल कोच हिमांशु दासे तथा बैकुंठपुर की अनीता सिंह उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन डॉ. आर.एन. कच्छप ने दिया। वहीं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुमित कुमार डे ने कार्यशाला की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी



दी। मुख्य वक्ताओं ने व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों को पढ़ाई, करियर और व्यक्तिगत जीवन से जुड़ी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में तनाव का उचित प्रबंधन करना आवश्यक है। तनाव को कमजोरी मानने के बजाय उसे आत्मविकास और लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा के रूप में उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, अनुशासन और नियमित दिनचर्या को अपनाना जरूरी है। कार्यशाला में समय प्रबंधन के महत्व पर चर्चा करते हुए छात्राओं को दैनिक कार्यों की प्राथमिकताएं निर्धारित करने, समय-सारिणी बनाकर अध्ययन करने तथा अनावश्यक गतिविधियों में समय व्यर्थ करने से बचने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रभावी व्यक्तित्व विकास के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी जरूरी है। संतुलित दिनचर्या और व्यवस्थित कार्यशैली से तनाव को कम करने तथा कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद मिलती है।

कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं एवं प्राध्यापकों में आत्मविश्वास, सकारात्मक दृष्टिकोण और जीवन कौशल विकसित करना तथा उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार करना रहा। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रिचा चेलकर ने किया। अंत में श्रीमती कनकलता पैकरा ने आभार प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, सुश्री दीप्ति केरकेट्टा, सुमित मिश्रा, डॉ. ज्ञान चन्द्र पाल सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

चोरी की तीन घटनाओं में शामिल आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। शहर में तीन अलग अलग दुकानों में चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार शिवशंकर साहनी ने 24 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके शाहनी श्रृंगार स्टोर दुकान में रखा नकद रकम 30 हजार रूपए की चोरी हुई है। पुलिस ने संदेही लखनपुर गुमगरा खुर्द निवासी 23 वर्षीय विकास तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने साहनी श्रृंगार स्टोर, नमनाकला नंदन मेडिकल स्टोर, माथूपारा स्थित महामाया किराना दुकान में चोरी करना स्वीकार किया। इसी तरह आरोपी ने 24 जुलाई को नंदन मेडिकल स्टोरऔर 16 अक्टूबर को माथूपारा स्थित महामाया किराना दुकान तथा 23 अक्टूबर की रात आरोपी ने साहनी श्रृंगार स्टोर से नकद 8 हजार रूपए की चोरी की थी।

श्रीराममलला दर्शन के लिए 108 श्रद्धालु रवाना

बैकुण्ठपुर। श्रीराममलला दर्शन योजना के अंतर्गत अयोध्या धाम की यात्रा के लिए कोरिया जिले के 108 श्रद्धालुओं को मंगलवार को बैकुंठपुर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। इनमें 58 महिलाएं और 50 पुरुष शामिल हैं।

छ.ग. टूरिज्म बोर्ड, रायपुर के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में दर्शनार्थियों को बसों के माध्यम से अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। वहां से श्रद्धालु अयोध्या धाम की यात्रा करेंगे। कलेक्ट्रेट परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस अवसर पर योजना के नोडल अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग के उप संचालक भी उपस्थित रहे।





47.60 लाख रूपए की सोलर लाइटों की गुणवत्ता पर सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

नगर परिषद डोला द्वारा लाखों रुपए की लागत से लगाई गई 140 सोलर स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

एक ओर नगर परिषद ने सोलर लाइटों की स्थापना पर बड़ी राशि खर्च की है, वहीं दूसरी ओर इन लाइटों की रोशनी, बैटरी बैकअप और पोल की स्थापना को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आ रही हैं। आरोप है कि लाइटें रात में कुछ घंटे चलने के बाद बंद हो जाती हैं और इनसे पर्याप्त रोशनी भी नहीं मिल पा

- कुछ घंटों में बुझ रहीं बतियां

रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी नागरिकों को पूरी रात रोशनी की सुविधा क्यों नहीं मिल रही है। स्थानीय स्तर पर सामने आई शिकायतों के अनुसार, कई सोलर स्ट्रीट लाइटें रात में कुछ घंटे जलने के बाद बंद हो जाती हैं। इसके अलावा इनकी रोशनी भी अपेक्षित स्तर की नहीं होने की बात कही जा रही है। यदि लाइटें पूरी रात जलने में सक्षम नहीं हैं, तो उनकी बैटरी क्षमता, सोलर पैनल की कार्यक्षमता और तकनीकी गुणवत्ता की जांच कराना आवश्यक है।

शत-प्रतिशत त्रुटिरहित गिरदावरी के कलेक्टर ने दिये निर्देश

चक्रवात से निपटने की तैयारियों के साथ गिरदावरी और राज्योत्सव की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आहूत की गई। बैठक में चक्रवात के प्रभाव से संभावित वर्षा, गिरदावरी कार्य तथा राज्योत्सव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात के उत्तरी आंध्र प्रदेश तट पर लैंडफॉल करने की संभावना है, जिसके प्रभाव से 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलों में वर्षा का पूर्वानुमान है तथा कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। संभावित स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने राजस्व अमले और आपदा प्रबंधन टीम को हर समय अलर्ट मोड पर रहकर जलभराव एवं बाढ़ की आशंका वाले संवेदनशील स्थलों की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि



जनहानि रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी आपात स्थिति में प्रभावितों तक तत्काल राहत पहुंचाई जाए।

कलेक्टर ने जिला एवं तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रखते हुए मौसम विभाग की चेतावनियों पर लगातार नजर रखने को कहा। राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, पंचायत, स्वास्थ्य और विद्युत सहित सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए। निचले एवं बाढ़ संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर राहत एवं बचाव की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने तथा एसडीआरएफ, होमगार्ड व अन्य बचाव दलों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैयार रखने को कहा गया। जलाशयों और बांधों के जलस्तर की नियमित निगरानी के साथ पानी छोड़े जाने की स्थिति में संबंधित क्षेत्रों के लोगों को समय रहते सूचना देने पर भी विशेष जोर दिया गया। जलभराव एवं जोखिम वाले क्षेत्रों में आमजन को सतर्क करने के लिए लगातार मुनादी कराने तथा किसी भी संभावित अप्रिय स्थिति की सूचना मिलने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को सक्रिय रहने, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने को कहा। बैठक में गिरदावरी एवं ई-गिरदावरी कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने इसे शत-प्रतिशत त्रुटि रहित पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, आरएस लाल, बालेश्वर राम,अभिषेक गुप्ता, सभी एसडीएम व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बिना ट्रेड सर्टिफिकेट दोपहिया वाहन बेचने पर शोरूम के पांच वाहन ब्लैकलिस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बिना ट्रेड सर्टिफिकेट दोपहिया वाहनों का विक्रय करने पर परिवहन विभाग ने चलगली स्थित आनंद हीरो शोरूम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसके 5 वाहनों को ऑनलाइन ब्लैकलिस्ट कर दिया है।

ब्लैकलिस्ट किए गए इन वाहनों का पंजीयन तब तक नहीं हो सकेगा, जब तक संबंधित डीलर विभाग से विधिवत ट्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं कर लेता। उल्लेखनीय है कि मोटर यान अधिनियम, 1988 के तहत वाहन विक्रय करने वाले प्रत्येक डीलर के लिए परिवहन विभाग से ट्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त करना अनिवार्य है। जांच में पाया गया कि संबंधित शोरूम द्वारा बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के ही दोपहिया वाहनों का विक्रय किया जा रहा था, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसी आधार पर विभाग ने यह कार्रवाई की है।

खबर संक्षेप



आशा की किरण द्वारा किया गया छठवां सेकंड हैंड मेला का आयोजन

अंबिकापुर। अग्रवाल महिला समूह आशा की किरण द्वारा 25 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में छठवें सेकंड हैंड मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल एवं सचिव संजय अग्रवाल द्वारा किया गया। मेले को लोगों का बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला और यह पूर्णतः सफल रहा। आशा की किरण समूह द्वारा आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को उनकी जरूरत का सामान किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। दीपावली के अवसर पर आयोजित इस मेले में लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की। समूह द्वारा उपयोग में न आने वाले सामान को एकत्रित कर उसे उपयोगी बनाया जाता है तथा मेले के माध्यम से कम कीमत पर उपलब्ध कराया जाता है। इस मेले से प्राप्त धनराशि का उपयोग समूह द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों में किया जाता है। आयोजन में कोमल सुल्तानिया, सुजाता अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, मधु अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल एवं ममता अग्रवाल की सहभागिता रही।

प्रेमलता को मिली अभा अग्रवाल सम्मेलन के छग प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी

अम्बिकापुर। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वंदना टिंबरवाल ने श्रीमती प्रेमलता गोयल की सामाजिक



कार्यों के प्रति निष्ठा, योग्यता एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी के पद पर सुशोभित किया है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा अग्रवाल ने बैच लगाकर उन्हें संगठन मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी। श्रीमती प्रेमलता गोयल लंबे समय से समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके अनुभव एवं समर्पण से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

प्रतिमा को आरोग्य भारती छत्तीसगढ़ प्रांत में प्रांतीय महिला सह प्रमुख का दायित्व

प्रतापपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समवैचारिक संस्था आरोग्य भारती जिला इकाई से जुड़ी समाजसेविका एवं जिला प्रमुख महिला प्रकोष्ठ



श्रीमती प्रतिमा सिंह को आरोग्य भारती छत्तीसगढ़ प्रांत में प्रांतीय महिला सह प्रमुख का नवीन दायित्व सौंपा गया है। इस उपलब्धि से आरोग्य भारती परिवार में हर्ष का माहौल है। श्रीमती प्रतिमा सिंह लंबे समय से सामाजिक सरोकारों एवं जनसेवा से जुड़ी हुई हैं। उन्हें प्रांतीय स्तर पर नई जिम्मेदारी मिलने को महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने और संगठनात्मक गतिविधियों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कीटनाशक पीने से गंभीर दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम अजबनगर निवासी लक्ष्मी पति ढोला राम (40 वर्ष) बीती रात पति के साथ भोजन करने के पश्चात सो गई। सुबह पति उठा तो देखा पत्नी उल्टी कर रही है। पूछताछ करने पर पत्नी ने बताया कि उसने कीटनाशक पी लिया है। पति ने तत्काल पड़ोसियों की मदद से पत्नी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। दूसरी घटना में धौरपुर अंतर्गत डुमरडीह निवासी लक्ष्मी आ. स्व. लोहरा कोरवा (15 वर्ष) एक वर्ष पूर्व धौरपुर क्षेत्र के ही ग्राम जाटा सेमर निवासी सुशील कोरवा से विवाह का रिश्ता तय होने के बाद होने वाला पति के घर में ही रहने लगी। 23 अक्टूबर को सुशील काम करने गया और शाम को वापस घर लौटा तो देखा सविता उल्टी कर रही है। कीटनाशक का गंध आने पर सुशील ने जहर पी लेने की आशंका पर तत्काल उसे धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

दो-तीन महीनों में 300 पेड़ काटे का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

लैंगा-राजापुर मार्ग पर साल के पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

केतका वन सर्किल क्षेत्र के लैंगा चौक से राजापुर सड़क मार्ग के आसपास बेशकीमती साल-सारई के विशाल पेड़ों की कथित अवैध कटाई का मामला सामने आया है। स्थानीय स्तर पर लगाए जा रहे ग्रामीणों के आरोपों के अनुसार पिछले दो से तीन महीनों के भीतर इस क्षेत्र में लगभग 300 पेड़ काटे जा चुके हैं। वन विभाग की ओर से केवल कुछ पेड़ों की कटाई की जानकारी दिए जाने की बात कही जा रही है। ऐसे में वन विभाग की निगरानी व्यवस्था और अवैध कटाई पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

खास बात

- ग्रामीणों ने की जांच और अवैध कटाई पर रोक लगाने की मांग
- वन विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

ग्रामीणों के मुताबिक केतका वन सर्किल एवं सूरजपुर रेंज के अंतर्गत आने वाले लैंगा चौक से राजापुर मार्ग तक जंगल में कई स्थानों पर पेड़ों की कटाई की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगातार हो रही कटाई से कभी घने रहे जंगल का स्वरूप बदलता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। जंगल में पेड़ों की कटाई की स्थिति देखने के दौरान कुछ स्थानों पर कटे हुए पेड़ों के ठूंठ ही ठूंठ दिखाई देते है। दावा किया गया है कि कई ठूंठों पर वन विभाग का हैमर निशान नहीं मिला। इसके अलावा मौके पर हाल ही में काटे गए हरे पेड़ों के अवशेष भी देखे जा सकते है। यदि इन तथ्यों की पुष्टि होती है तो यह जांच का विषय है कि पेड़ों की कटाई किन परिस्थितियों में और किसकी अनुमति से की गई। स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि यदि इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हुई है, तो अब तक जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। हालांकि वन विभाग के किसी अधिकारी या कर्मचारी की मिलीभगत अथवा तस्करों से सांठगांठ की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।



जंगल में काटे गए पेड़।

वन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर उठाए सवाल

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि जंगल की स्थिति पिछले दस वर्षों में काफी बदल गई है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा नियमित निगरानी नहीं किए जाने के कारण अवैध कटाई करने वालों को मौका मिल रहा है। उन्होंने जंगल में गश्त बढ़ाने, कटे पेड़ों की वास्तविक संख्या का आकलन करने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है।

जांच से खुल सकते हैं कई अहम राज

लैंगा चौक से राजापुर मार्ग तक कथित अवैध कटाई का मामला अब जांच की मांग कर रहा है। यदि दो से तीन महीनों में लगभग 300 पेड़ों की कटाई के दावे की पुष्टि होती है, तो यह वन संरक्षण व्यवस्था के लिए गंभीर विषय होगा। जरूरत इस बात की है कि संबंधित क्षेत्र में काटे गए पेड़ों की गिनती कराई जाए, वैध अनुमति और जब्ती संबंधी अभिलेखों का मिलान किया जाए तथा रात में गश्त की व्यवस्था की समीक्षा हो। वन विभाग की जांच केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहती है या वास्तव में अवैध कटाई में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। जंगल और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है।

दोषी के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई

पेड़ों की कटाई के मामले की जांच कराई जाएगी और जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यदि विभाग का कोई कर्मचारी या अधिकारी इस मामले में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

-विपुल अग्रवाल, डीएफओ सूरजपुर

कर्मचारियों की कमी

जंगल का क्षेत्र काफी बड़ा है और कर्मचारियों की संख्या कम है। इतने बड़े जंगल में कटाई रोकना चुनौतीपूर्ण है। विभाग पेड़ों की कटाई रोकने का प्रयास करता है, लेकिन रात के अंधेरे में भी पेड़ काटे जा रहे हैं।

-उमेश कुमार वत्रकार, रेंजर सूरजपुर

सीतापुर मुख्य सड़क फोरलेन का मुख्यमंत्री करेंगे भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

वर्षों से जर्जर सड़क, जगह-जगह गड्ढों और उड़ती धूल के बीच आवागमन करने को मजबूर नगरवासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आ रही है। दशकों से सड़क की बदहाली से जूझ रहे लोगों का इंतजार अब खत्म होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अंबिकापुर प्रवास के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो के विशेष आतिथ्य एवं अधिकारियों एवं नगरवासियों की उपस्थिति में भूमि पूजन सम्पन्न होगी।



- 29 अक्टूबर को होगी वर्चुअल माध्यम से भूमि पूजन

विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि सीतापुर नगरवासियों ने वर्षों तक जर्जर सड़क और धूल की समस्या झेली है। लोगों की इस पीड़ा को समझते हुए बेहतर सड़क की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। लगभग 4 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण नगर के आवागमन और विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन की परिकल्पना के अनुरूप सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। सड़क निर्माण की यह पहल नगरवासियों के लिए राहत और विकास की नई उम्मीद लेकर आई है। निर्माण पूरा होने पर सीतापुर नगर को लगभग 4 किलोमीटर लंबी सुसज्जित फोरलेन सड़क की सौगात मिलने की उम्मीद है। इससे आवागमन को अधिक सुगम बनाने और धूल व जर्जर सड़क से होने वाली परेशानियों को खत्म किया जा सकेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सीतापुर की तस्वीर बदलेगी और लोगों को धूल भरे रास्तों से राहत मिलेगी।



देश के सबसे तेज धावक अनिमेष को आईजी-एसएसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक अमृत कुजूर के सुपुत्र एवं भारत के सबसे तेज धावक अनिमेष कुजूर द्वारा एथलेटिक्स के क्षेत्र में रचे गए ऐतिहासिक इतिहास के उपलक्ष्य में रक्षित केंद्र सभाकक्ष में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में आईजी दीपक झा, एसएसपी राजेश अग्रवाल ने अनिमेष कुजूर को सम्मानित किया व अनिमेष कुजूर की इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया।

- 100 मीटर दौड़ में 10 .14 सेकंड का रिकॉर्ड बनाकर विदेश में सबसे तेज़ भारतीय होने का गौरव

अनिमेष कुजूर की खेल यात्रा उपलब्धियों से भरी रही है। जिन्होंने 100 मीटर दौड़ में 10.14 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर जर्मनी के वेट्झलर में विदेश में सबसे तेज भारतीय होने का गौरव हासिल किया है, साथ ही 200 मीटर में 20.32 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। वह डायमंड लीग में दौड़ने वाले और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पुरुष धावक भी हैं। 02 जून 2003 को छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के ग्राम घुंटगांव में जन्मे, एक पुलिस अधिकारी परिवार से ताल्लुक रखने वाले अनिमेष ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और बस्तर के संघर्षशील मैदानों से निकलकर विश्व मंच तक का यह सफर तय किया है। उन्होंने एशियाई खेल 2026 और एशियाई रिले चैंपियनशिप में कांस्य पदक तथा सीनियर फेडरेशन कप 2026 व इंटर-स्टेट 2026 में स्वर्ण पदक हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के अंत में एक अन्य विशेष उपलब्धि के तहत, पुलिस मुख्यालय से प्राप्त साइबर जागृति अभियान में सरगुजा पुलिस द्वारा सरगुजा रेंज में प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने पर, आईजी, एसएसपी को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सीएसपी प्रतीक बंसोड़, डीएसपी तुल सिंह पट्टावी, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, प्रशिक्षु सूबेदार पेमिन वर्मा, प्रशिक्षु सूबेदार गुलशन चंद्रा सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी एवं पुलिस परिवार उपस्थित रहे।

सीएम विष्णुदेव साय के साथ ही केन्द्रीय मंत्री जुवेल उरांव होंगे शामिल

जन्म दिवस के अवसर पर होगा प्रदेश के पहले कार्तिक उरांव चौक का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जन्मशताब्दी के अवसर पर बाबा कार्तिक उरांव के पहले चौक का लोकार्पण किया जाएगा। कार्तिक उरांव चौक के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही केंद्रीय मंत्री जुवेल उरांव के भी शामिल होने की संभावना है। लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही है। 29 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में उरांव समाज के साथ आदिवासी समाज के लोग प्रदेशभर से शामिल होंगे। लोकार्पण के बाद मंचीय कार्यक्रम कलाकेन्द्र मैदान में किया जाएगा।

बता दें कि नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की पहल पर नगर निगम में प्रदेश के पहले कार्तिक उरांव चौक का निर्माण कराया जा रहा है। कार्तिक उरांव चौक के निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम 29 अक्टूबर 2025 को किया गया



था। पुराने नगर निगम भवन के सामने ही कार्तिक उरांव चौक के निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। लगभग 38 लाख रूपए की लागत से चल रहे चौक निर्माण का कार्य अब पूर्णता की ओर है और जल ही कार्तिक उरांव की प्रतिमा भी स्थापित कर दी जाएगी। बड़ी बात यह है कि कार्तिक उरांव चौक का लोकार्पण और प्रतिमा का अनावरण एक साल के अंदर उनके जन्म शताब्दी के अवसर पर 29 अक्टूबर को ही किया जाएगा। महापौर श्रीमती भगत के नेतृत्व में पहले चौक के लोकार्पण की तैयारियां जोर शोर से चल रही है और इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेशभर से आदिवासी समाज के नेताओं को न्यौता दिया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे इसके साथ ही केन्द्रीय मंत्री जुवेल उरांव भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम के साथ ही अन्य आदिवासी नेता भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। चौक के लोकार्पण के बाद मंचीय कार्यक्रम कला केंद्र मैदान में होगा। इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज से लगभग सात हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। बता दें कि कार्तिक उरांव ने अपने जीवन काल में लगातार आदिवासी समाज, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए काम किया। वे मतांतरण के खिलाफ थे और जनजातीय समाज के धर्म, संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए 300 से ज्यादा सांसदों के हस्ताक्षर के साथ बाबा कार्तिक उरांव ने बिल पेश किया था लेकिन वो पास नहीं हो पाया। इस कार्यक्रम में भी समाज की ओर से डीलिस्टिंग और धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की आवाज बुलंद की जाएगी।

चल रही है तैयारियां

कार्तिक उरांव चौक के लोकार्पण को लेकर तैयारियां चल रही है। कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केन्द्रीय मंत्री जुवेल उरांव शामिल होंगे। इसके साथ ही प्रदेश भर के आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर नगि

फोन खरीदने पैसा नहीं मिला को युवक कूद गया ट्रेन के सामने, मौत

अम्बिकापुर। स्मार्ट फोन खरीदने के लिए मां ने पैसा नहीं दिया तो युवक के गुस्सा में आकर दुर्ग से रही ट्रेन के सामने कूद गया। ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम महावीरपुर निवासी गोलू कुमार आ. धन साय (26 वर्ष) सोमवार की सुबह मां धनपतिया से स्मार्ट फोन किस्त में खरीदने के लिए पैसा की मांग कर रहा था। जिस पर मां ने पैसा नहीं होने और पिता के आने के बाद बात कर लेने की बात कही लेकिन युवक नहीं माना और मां से स्मार्ट फोन खरीदने की जिद करने लगा और पैसा नहीं देने पर मरने की धमकी देने लगा। बेटा के जिद करने पर मां गुस्से में चले जाने की बात कही। इसी बीच युवक घर से निकला और घर से महज सौ मीटर दूर रेलवे लाइन पर पहुंचा तभी दुर्ग से अम्बिकापुर आ रही ट्रेन के सामने कुद गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंच और युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आईसीयू में युवक ने दम तोड़ दिया।

एसएसआर कराना इस बात की पुष्टि कि एसआईआर में थी खामियां : सिंहदेव

अंबिकापुर। अंबिकापुर। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि एसआईआर के बाद चुनाव आयोग के द्वारा अब पुनः एसएसआर कराया जा रहा है जो इस बात की पुष्टि है कि एसआईआर में गंभीर खामियां थी। उन्होंने एसआईआर में छुटे मतदाताओं के लिए फार्म 6 के उपयोग पर आपत्ति जताते हुए कहा कि फार्म 6 एवं इसका घोषणापत्र नये मतदाता के लिए है, लेकिन अगर एसआईआर में छूटे मतदाता का नाम जोड़ने इस फार्म का उपयोग किया जाएगा तो यह गैरकानूनी तरीका होगा एवं इस फार्म के माध्यम से पुनः नाम जुड़वाने वाले नागरिकों को कभी भी कानून के उल्लंघन का दोषी बतला दंडित किया जा सकेगा।

- पर्यवेक्षक पटनायक ने कहा : लड़ रहे देश के प्रत्येक नागरिक के व्यक्तिगत अधिकार की लड़ाई



श्री सिंहदेव सोमवार को कांग्रेस के वोट बचाओ देश बचाओ आंदोलन के तीसरे चरण की तैयारियों एवं 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित रैली की तैयारियों को लेकर आयोजित बीएलओ की बैठक के पूर्व पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा कि एसआईआर में छूटे मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए उन्हें संसद के माध्यम से संसोधित फार्म स्वीकृत कराकर उसके उपरांत एसएसआर की प्रक्रिया के माध्यम से छूटे मतदाताओं का नाम जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जमीन पर भाजपा का जनाधार समाप्त हो गया है और वो ज्ञानेश कुमार जैसे चुनाव आयुक्त के सहारे मतदाता सूची की गड़बड़ी के माध्यम से चुनाव जीत रही है। वहीं श्री सिंहदेव ने देश में मणिपुर में जारी हिंसा, अरुणाचल प्रदेश में हुई घुसपैठ को लेकर भी सवाल उठाए। एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक देवाशीष पटनायक ने कहा कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया गैर संवैधानिक थी।

असामाजिक तत्वों ने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर में लगाई आग

सीतापुर। बीती रात किसान के घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। आग लगने के बाद लोग बुझा पाते उससे पहले ही ट्रैक्टर जलकर खाक हो गया। इस आगजनी के पीछे नशेड़ी किस्म के लोगों का हाथ बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार बीती रात थाना सीतापुर क्षेत्र के ग्राम डुमरपारा कतकलो में किसान ओमप्रकाश यादव आ. हरि यादव की ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा था। ट्रैक्टर के पीछे धान मिसाई करने वाला थ्रेसर मशीन लगा हुआ था। जिसे असामाजिक तत्वों ने देर रात को आग के हवाले कर दिया। आगजनी के बाद जब टायर फटने की आवाज आई तब घर मालिक किसी अनहोनी की आशंका से बाहर निकला। बाहर निकलते ही उसने देखा कि घर के बाहर थ्रेशर मशीन समेत खड़ी उसकी ट्रैक्टर आग के लपटों से घिरी हुई थी। किसान और उसका परिवार ट्रैक्टर में लगी आग बुझा पाते उससे पहले ही ट्रैक्टर जलकर खाक हो गई। इस घटना के बाद पीड़ित किसान ने थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध ट्रैक्टर में आगजनी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

पेज 1 का शेष

बेमौसम बारिश की ...

तथा आवश्यक संसाधनों एवं राहत-बचाव व्यवस्थाओं को तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा 26 अक्टूबर 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशो के परिपालन में जिला प्रशासन ने संभावित आपदा से निपटने के लिए विभागवार जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है। कलेक्टर ने जिला कार्यालय सहित सभी तहसील स्तर पर संचालित नियंत्रण कक्षों को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं। नियंत्रण कक्षों में प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करने तथा संबंधित अधिकारियों तक समय पर जानकारी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। संभावित चक्रवात एवं भारी वर्षा को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर नागरिकों को मौसम संबंधी चेतावनी एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं।

अखंड सुहाग की ...

ब्यूटी पार्लरों में बढ़ी भीड़, मेहंदी का भी क्रेज- करवा चौथ पर सजने-संवरने के लिए महिलाएं विशेष तैयारियां करती हैं। सोलह श्रृंगार के साथ आकर्षक रूप में पूजा करने की परंपरा के चलते शहर के ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी है। कई पार्लरों में सजने-संवरने के लिए महिलाओं को पहले से समय लेना पड़ रहा है। मेहंदी रचाने को लेकर भी खासा उत्साह है। हालांकि, कई महिलाएं घर पर ही हाथों में मेहंदी लगा रही हैं, लेकिन पार्लरों में भी मेहंदी लगवाने के लिए महिलाएं पहुंच रही हैं। **साड़ियों की दुकानों में भी बढ़ी ग्राहकी-** पर्व को लेकर कपड़ों की दुकानों में भी महिलाओं की आवाजाही बढ़ गई है। दुकानदारों ने ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए विभिन्न डिजाइन और रंगों की साड़ियों का स्टॉक रखा है। महिलाएं करवा चौथ पर पहनने के लिए आकर्षक साड़ियों की खरीदारी कर रही हैं। पर्व के चलते कपड़ों, श्रृंगार सामग्री और पूजा से जुड़ी दुकानों पर भी ग्राहकी बढ़ी है। कुल मिलाकर करवा चौथ को लेकर बाजार में उत्साह का माहौल है और व्यापारी भी अच्छी बिक्री की उम्मीद कर रहे हैं।

बलरामपुर खदान से 80 मीटर आर्मर्ड केबल की चोरी

एसईसीएल की खदान और वर्कशॉप में हथियारबंद चोरों का धावा, कर्मचारियों को बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर की बलरामपुर 10/12 भूमिगत खदान और बिश्रामपुर स्थित एक्सवेशन वर्कशॉप में हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोलकर कंपनी के सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। रविवार रात हुई इन वारदातों में बदमाशों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को धारदार हथियार दिखाकर बंधक बनाया और कीमती केबल लूटकर फरार हो गए।

वहीं, एक्सवेशन वर्कशॉप के समीप खड़ी एक मोटरसाइकिल को चोरो ने आग के हवाले कर दिया । एक ही रात में दो स्थानों पर हुई इन घटनाओं से एसईसीएल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दिया है। लगातार हो रही चोरी और लूटपाट की घटनाओं से खदान के कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया है।अभी पखवाड़े भर पूर्व सात आठ खदान से लाखों का केवल बदमाशो ने काट कर पार कर दिया था।



पीड़ित कर्मचारी।



जलाई गई बाइक।

जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 8:30 बजे 25 से 30 की संख्या में हथियारबंद बदमाश बलरामपुर 10/12 अंडरग्राउंड खदान पहुंचे। आरोप है कि बदमाशों ने सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों को धारदार हथियार दिखाकर बंधक बना लिया और खदान से आर्मर्ड केबल का करीब 80 मीटर हिस्सा काटकर ले गए। बताया जा रहा है कि इसी रात करीब एक बजे बदमाशों ने दोबारा वारदात को अंजाम दिया। एक ही रात में दो बार हुई घटना ने खदान की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है।बता दें कि कुमदा क्षेत्र की दोनों खदान पिछले डेढ़ वर्षों से बंद पड़ी है।

दो-तीन दिन पहले भी जवानों से हुई थी झड़प

बताया जा रहा है कि दो-तीन दिन पहले भी बलरामपुर खदान में त्रिपुरा बटालियन के जवानों और बदमाशों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान आरोपियों ने जवानों के वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसके बावजूद खदान और वर्कशॉप में हुई ताजा घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही इन वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए एसईसीएल प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसियां क्या ठोस कदम उठाती हैं, यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल कर्मचारियों की सुरक्षा और खदानों की संपत्तियों की हिफाजत को लेकर प्रभावी कार्यवाही आवश्यक हो गई है। घटना की सूचना प्रबंधन ने लिखित रूपस थाने में की है।



कबीर का बेटा बना डायरेक्टर 23 साल की उम्र में किया डेब्यू

मुंबई। बजरंगी भाईजान और ट्यूबलाइट जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर कबीर खान के बेटे विवान खान ने 23 साल की उम्र में अपना डेब्यू कर लिया है। पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने निर्देशन में ही अपने कॅरियर की शुरुआत की है। उन्होंने इंस्टाग्राम सीरीज के माध्यम से अपना सफर शुरू किया है जिसका नाम प्रोजेक्ट प्लस 91 है। इसके जरिए उन्होंने देश की विभिन्न संस्कृति और सभ्यताओं को अपने कैमरे में कैद किया है। इस सीरीज के जरिए उन्होंने देश के अलग-अलग कोने में भ्रमण किया है और वहां की संस्कृति को अपने कैमरे में कैद किया है। उनकी या पेज और तस्वीरें चर्चा में आई हैं जो भारत देश के वर्सेटाइल कल्चर की एक अद्भुत झलक हैं।

लाइफ Style

नयनतारा

'जेलर 2' की जबरदस्त सफलता के बीच रजनीकांत के फैंस को एक और सरप्राइज मिला है। अब रजनीकांत, कमल हासन द्वारा निर्मित फिल्म 'धर्मन' में नजर आएंगे और फिल्म में उनके साथ नयनतारा

धर्मन में रजनीकांत के साथ आएंगी नजर

मुंबई। मेकर्स ने एक नए पोस्टर के साथ उनके शामिल होने की घोषणा की। साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा, रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म 'धर्मन' की कास्ट में शामिल हो गई हैं। इस फिल्म के जरिए पांच साल बाद नयनतारा सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। इससे पहले रजनीकांत के साथ लेडी सुपरस्टार 2021 की फिल्म 'अन्नाथे' में साथ दिखाई दी थीं और अब एक बार फिर दोनों साथ नजर आने वाले हैं और इस खबर ने इन दोनों सुपरस्टार्स के फैंस को खुश कर दिया है। अश्वथ मारिमुथु द्वारा लिखित और निर्देशित, यह तमिल मेडिकल ड्रामा का ऐलान 'थलाइवर 173' के नाम से किया गया था, इसे कमल हासन प्रोड्यूस किया जा रहा है। निर्माताओं ने रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर करके नयनतारा को कास्ट किए जाने की घोषणा की। मेकर्स ने हाल ही में 'धर्मन' की कास्टिंग से जुड़ी जानकारी साझा की। 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्टर जारी किया, जिसमें रजनीकांत और नयनतारा की परछाइयां दिखाई दे रही हैं। दोनों एक-दूसरे की तरफ देखते हुए एक बड़ी कांच की खिड़की के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। खिड़की से आती सुनहरी धूप एक शानदार 'बैकलिट' इफेक्ट पैदा कर रही है, जिससे दोनों कलाकारों की छाया दिखाई देती है।



हॉलीवुड मसाला



70 साल के बुज़ुर्ग के रूप में आए नजर

लॉस एंजिल्स। 'द रॉक' के नाम से मशहूर हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन अपने दमदार शरीर और एक्शन अवतार के लिए सुर्खियों में बने रहता हैं। लेकिन, इस बार उनका ऐसा लुक सामने आया है, जिसे देखकर फैंस के लिए उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। अपनी अपकमिंग फैंटेसी एडवेंचर फिल्म 'लिजर्ड म्यूजिक' में ड्वेन 70 साल के एक बूढ़े व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे। जबकि उनकी असली उम्र 54 साल है।



बग्स बनी और डैफी डक को दी अपनी आवाज

लॉस एंजिल्स। मशहूर वॉयस आर्टिस्ट एरिक बाउजा का 46 साल की उम्र में अचानक निधन हो गया है। वह लोकप्रिय कार्टून किरदार बग्स बनी और डैफी डक को अपनी आवाज देने के लिए जाने जाते थे। एरिक बाउजा के परिवार ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर उनके निधन की पुष्टि की। बयान में बताया गया कि एरिक एमी अवॉर्ड जीतने वाले वॉयस आर्टिस्ट थे। उन्होंने लूनी ट्यून्स के कई मशहूर किरदारों को अपनी आवाज दी थी। उनके अचानक चले जाने से उनके चाहने वालों को बड़ा झटका लगा है। एरिक को हाल ही में फिल्म कोयोट वर्सेज एक्मे में भी सुना गया था। उन्होंने अपने करियर में कई ऐसे कार्टून किरदारों को आवाज दी, जिन्हें दुनियाभर के दर्शक पसंद करते हैं। एरिक बाउजा का नाम लूनी ट्यून्स के साथ खास तौर पर जुड़ा रहा।



'बैचलर पार्टी डीयू' में पॉली के रोल में दिखेंगी ज्योतिर्मयी

नई दिल्ली। मलयालम सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर अमल नीरद की नई फिल्म 'बैचलर पार्टी डीयू' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी अपडेट शेयर कर दी है। फिल्म में एक्ट्रेस ज्योतिर्मयी के कैरेक्टर नेम का खुलासा हो गया है। वह इस फिल्म में 'पॉली' के किरदार में नजर आने वाली हैं। डायरेक्टर अमल नीरद ने सोशल मीडिया पर उनका पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'ज्योतिर्मयी इज पॉली'। यह फिल्म साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'बैचलर पार्टी'का सीक्वल है। फिल्म में एक से बढ़कर एक कलाकारों की पूरी फौज नजर आने वाली है।प्रेमलु फिल्म से फेमस हुए एक्टर नसलेन इस मूवी में लीड रोल में हैं। मेकर्स ने ज्योतिर्मयी के अलावा कई और स्टार्स के कैरेक्टर नेम भी रिवील कर दिए हैं। नादिया मोइदू फिल्म में अन्ना मैथ्यूज का रोल प्ले कर रही हैं, जबकि रजीशा विजयन सिंपल के किरदार में दिखेंगी।



अनुष्का-विराट कान्हा की भक्ति में हुए लीन, भजन पर झूमे

मुंबई। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में मुंबई में आयोजित कृष्णा दास के कीर्तन में शामिल हुए। कपल साथ-साथ भक्ति गीतों पर डूबे नजर आए। कृष्णा दास कीर्तन से कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें उन्हें कान्हा की भक्ति में डूबे देखा जा सकता है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली कोहली बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक हैं। हाल ही में ये दोनों मुंबई में अमेरिकी संगीतकार और गायक कृष्णा दास के लाइव कीर्तन में भक्ति संगीत का आनंद लेते देखे गए। इस कार्यक्रम से विराट-अनुष्का की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें दोनों को कान्हा की भक्ति में लीन देखा जा सकता है। सोशल मीडियापर शेयर किए गए वीडियो में, अनुष्का और विराट को एक साथ भक्ति संगीत का आनंद लेते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अनुष्का और विराट एक-दूसरे के बगल में बैठे हुए संगीत की धुन पर झूमते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



साई ने 'सीता मां' के सवाल पर दिया दिल खुश करने वाला जवाब

नई दिल्ली। रामायण की स्टार कास्ट रणबीर कपूर, साई पल्लवी और रवि दुबे हाल में अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर पहुंचे थे। यहां साई पल्लवी ने एक सवाल का ऐसा जवाब दिया जिसे सुनकर अमिताभ भी प्रभावित हो गए। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'रामायण' अगले हफ्ते थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म रिलीज से पहले स्टार कास्ट इसके प्रमोशन में बिजी हैं। अमिताभ बच्चन ने शो पर पहुंचे रणबीर, साई और रवि से सवाल करते हुए पूछा कि जब निर्माता-निर्देशक ने उन्हें फिल्म में उनके किरदारों के बारे में बताया तो उनके दिमाग में क्या चल रहा था और कैसे तैयारी की। इसके बाद अमिताभ ने मुस्कुराते हुए कहा 'लेडीज फर्स्ट'। साई पल्लवी ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जब उन्हें पता चला कि वो सीता मां का किरदार निभाने वाली हैं तो उन्होंने कुछ नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि वो हमेशा कोई भी किरदार निभाने से पहले ये सोचती हैं कि वो इस किरदार में अपना क्या जोड़ सकती हैं।

बिना नाम लिए काशवी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में स्काउट ओपी उर्फ तन्मय और लव गिल के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। वैसे तो स्काउट ने शो में कहा कि वे लव को अपनी बहन मानते हैं। मगर, कुछ एपिसोड में दोनों के बीच ऐसी चीजें देखने को मिली, जिसके बाद उनके रिश्ते पर सवाल उठने लगे। स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी इससे असहज और आहत हुईं और बीते दिन शो में आकर उन्होंने स्काउट और लव दोनों की क्लास लगा दी। इसके बाद काशवी ने सफाई दी है। उन्होंने अपनी कही बातों पर खेद जताया है। काशवी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। काशवी ने लिखा है, 'मेरा इरादा स्काउट से बात करना था। उसकी गलतियों को बताना था, जो मुझे लगा कि उसने की हैं। उसके कामों के लिए उसे जिम्मेदार ठहराना था।



बेपरवाह का फर्स्ट लुक आउट शरवरी संग इश्क लड़ाएंगे अहान

मुंबई। अहान पांडे ने मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा'से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों का इतना प्यार मिला का फिल्म ब्लॉकबस्टर बन गई। तभी से फैंस अहान को फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब थे। अब फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। अहान जल्द ही यश राज की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो शरवरी वाघ के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का टाइटर और पहला पोस्टर भी जारी कर दिया है। फिल्म का नाम 'बेपरवाह'है, जिसका निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं। ये एक रोमांटिक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। । फिल्म 26 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पहले पोस्टर से इसकी कहानी में रोमांस और एक्शन का मेल देखने को मिल रहा है। पोस्टर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। पोस्टर में अहान के हाथ में बंदूक है, जबकि शरवरी गिटार पकड़े नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरे पोस्टर में नहीं दिखाए गए हैं। इससे मेकर्स ने फिलहाल उनके लुक को छिपाकर रखा है। पोस्टर के साथ डायलॉग भी सुनाई दे रहा है, जिसमें अहान की आवाज में सुनाई दे रहा है- 'बेपरवाह है इश्क, क्या करूं? बेपरवाह, बेइंतहा करूं, कोई भी आए तो सब तबाह, तबाह, तबाह कर दूं!' बेपरवाह में अहान और शरवरी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। बता दें कि यशराज फिल्म्स के साथ ये अहान की दूसरी फिल्म है। इससे पहले यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना एक्टिंग डेब्यू कर चुके हैं, जिसे मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था। इस पोस्टर पर अहान पांडे की रुमर्ड गर्लफ्रेंड और सैयारा एक्ट्रेस अनीत पड्डा का रिएक्शन भी आया। एक्ट्रेस ने कमेंट कर लिखा- बेस्ट ऑफ बेस्ट! बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं! इस फिल्म के जरिए अली अब्बास जफर भी यशराज फिल्म्स के साथ वापसी कर रहे हैं। इससे पहले वह इस बैनर के साथ सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी हिट फिल्मों में काम कर चुके हैं। वैसे तो फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कास्ट में बेबी देओल भी शामिल हो गए हैं।



रामायण के चलते नागार्जुन ने टाली 'इटलु अर्जुन' की रिलीज

नई दिल्ली। डायरेक्टर महेश उप्पला की अपकमिंग रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म 'इटलु अर्जुन'की रिलीज डेट टल गई है।फिल्म में अनीश और अनस्वरा राजन लीड रोल में नजर आएंगे। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म अब 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। हालांकि, नई रिलीज डेट का ऐलान जल्द किया जाएगा। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर रिलीज टलने की जानकारी दी। मेकर्स ने लिखा, 'हमें यह बताते हुए अफसोस हो रहा है कि 'इटलु अर्जुन' तय योजना के मुताबिक 30 अक्टूबर को रिलीज नहीं होगी। बता दें देशभर में 5 नवंबर को रामायण भी रिलीज हो रही है। ऐसे में एक कारण रणबीर कपूर की फिल्म भी हो सकती है, जिसका देश ही नहीं विदेशों में भी खूब बोल-बोला देखने को मिल रहा है। नई रिलीज डेट का ऐलान बहुत जल्द किया जाएगा। तब तक हम इस युवा टीम के लिए आपके प्यार और सपोर्ट की उम्मीद करते हैं। मरोसा रखिए, अर्जुन का प्यार सिनेमाघरों में धोगुने धमाके के साथ सुनाई देगा। मेकर्स ने अपनी पोस्ट में आगे बताया कि फिल्म को तेलुगु स्टार नागार्जुन प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि इसका म्यूजिक एस. थमन ने तैयार किया है। हालांकि, रिलीज टलने की वजह का खुलासा नहीं किया गया है।'इटलु अर्जुन'को मशहूर डायरेक्टर वेंकी कुदुमुला अपने प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, तेलुगु सिनेमा के स्टार नागार्जुन इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं. फिल्म के जरिए महेश उप्पला बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं, जबकि अनीश हीरो के तौर पर अपनी पहली फिल्म से दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म में अनस्वरा राजन फीमेल लीड रोल में हैं।



सस्पेंस से लेकर कॉमेडी और एक्शन तक पिटेगा 'ढिंढोरा'

इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। नई फिल्में और सीरीज दस्तक देंगी। इस हफ्ते दर्शकों को पारिवारिक मनोरंजन देखने को मिलेगा। इसके अलावा कॉमेडी का डोज मिलेगा। साथ ही हॉरर और रोमांस का भी तड़का लगने वाला है।

ढिंढोरा सीजन 1: भुवन बाम की हिट कॉमेडी सीरीज 'ढिंढोरा' सीजन 1 अक्तूबर के आखिरी वीक में स्ट्रीम होने को तैयार है। बता दें कि यह चर्चित सीरीज साल 2021 में भुवन बाम के यूट्यूब चैनल पर मुफ्त रिलीज हुई थी। अब 28 अक्टूबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

बत्था : सुपरस्टार विजय सेतुपति की फिल्म 'बत्था' भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। नेटफ्लिक्स पर यह 29 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह फिल्म पहली अक्टूबर को थिएटर्स में सजी थी। एक महीने से भी कम वक्त में यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ रही है। 'बत्था' को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

मीठे में क्या है: अगर आपको फैमिली ड्रामा से भरपूर किसी फिल्म का इंतजार है, जिसे आप फेस्टिव सीजन में परिवार के साथ बैठकर देख सकें, तो यह शानदार विकल्प है। 'मीठे में क्या है' इस वीक ओटीटी पर धमाका करेगी। इसमें संयुक्त परिवार और उनके बीच के चैलेंज और सपोर्ट सिस्टम को बखूबी दिखाया गया है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बात करें कास्ट की तो राधिका बंसल निर्देशित फिल्म में ऋत्विक भौमिक, रोहिणी हट्टंगड़ी और आयशा रजा मिश्रा जैसे सितारे हैं।

अवराचन एंड संस

बिजू मेनन की यह मलयालम फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। बिजू मेनन के अलावा इसमें श्रीनाथ भासी, गणपति एस. पोदुवाल और ग्रेस एंटनी भी अहम भूमिकाओं में हैं।

इमोर्टल : यह एक तमिल भाषा की हॉरर-रोमांटिक फिल्म है, जो 04 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, कायादु लोहार और टी.एम. कार्तिक अहम भूमिका में हैं। अब यह ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 30 अक्टूबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी। ओटीटी पर यह तमिल के अलावा हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी उपलब्ध होगी।

अक्का: कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे स्टारर गैंगस्टर सीरीज 'अक्का' भी इस वीक को खास बनाएगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।

खबर संक्षेप

वीबीजीरामजी के कार्यों पर अल्पविराम

बैकुण्ठपुर। जिले में धान की फसल पक रही है और अब किसानों को अपने खेतों में फसल कटाई से लेकर मिंजाई तक निरंतर श्रमिकों की आवश्यकता होगी। ऐसे महत्वपूर्ण समय में ग्रामीण क्षेत्रों में अकुशल श्रम के साथ संसाधनों के निर्माण के लिए लागू विकसित भारत जीरामजी योजना से स्वीकृत समस्त कार्यों पर अल्प विराम होगा। इस संबंध में जारी राजपत्र की अधिसूचना अनुसार कोरिया जिले में आगामी एक नवम्बर से अकुशल श्रम मूलक कार्यों सहित योजनांतर्गत सभी कार्यों पर विराम रहेगा। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन पर जिला पंचायत सीईओ श्री योगेन्द्र श्रीवास ने सभी जनपद पंचायतों तथा योजनांतर्गत कार्य करा रही समस्त निर्माण एजेंसियों को इस आशय का पत्र जारी कर दिया है। यह अल्पविराम आगामी एक नवम्बर से लागू होगा। प्रत्येक क्षेत्र में लगाई जाने वाली मुख्य फसलों की बुआई और कटाई के समय किसानों का पूरा ध्यान रखते हुए विकसित भारत जीरामजी योजना के अंतर्गत प्रावधान किए गए हैं। क्षेत्र के अनुसार चरम कृषि मौसम के दौरान उस क्षेत्र के किसानों की सहूलियत के लिए योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों पर अल्पविराम रहेगा। कोरिया जिले में धान एक मुख्य फसल है और किसानों को इसके कटाई और मिंजाई के लिए श्रमिकों की निरंतर उपलब्धता बनी रहे इसके लिए आगामी एक नवम्बर से वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों पर अल्प विराम रहेगा। इस संबध मे जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बताया कि वीबीजीरामजी योजनांर्गत किसानों का विशेष ध्यान रखकर निहित प्रावधानों के अनुसार चरम कृषि मौसम में योजनांतर्गत अल्पविराम होगा। एक नवंबर से कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में योजना के अंतर्गत स्वीकृत तथा प्रगतिरत कार्य बन्द रहेंगे। साथ ही किसी भी प्रकार के कार्यों के नई स्वीकृति पर भी रोक रहेगी। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि विकसित भारत जीरामजी योजना को कृषि क्षेत्रों की विशेष जरूरतों को चिन्हित कर बनाया गया है। योजनांतर्गत क्षेत्र के चरम कृषि मौसम में योजनांतर्गत कार्यों पर अल्पविराम होने से किसानों को अपनी मुख्य फसल की कटाई और मिंजाई के लिए पर्याप्त श्रमिक उपलब्ध हो सकेंगे।

विरोध में भाजयुमो ने किया पुतला दहन



जनकपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा कथित तौर पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल जनकपुर के कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओ ने बयानबाजी पर नाराजगी जताते हुए इसे राजनीतिक मयार्दाओं के विपरीत बताया। प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा के जनकपुर मंडल के वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओ ने कथित बयान के विरोध में अपना आक्रोश व्यक्त किया और सार्वजनिक जीवन में राजनीतिक नेताओं से मर्यादित भाषा का उपयोग करने की अपेक्षा जताई। भाजपा कार्यकर्ताओ ने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन नेताओं को एक-दूसरे के परिवार के प्रति सम्मानजनक भाषा का प्रयोग करना चाहिए। पुतला दहन के माध्यम से कार्यकर्ताओ ने कथित टिप्पणी के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। इस विरोध प्रदर्शन में जनकपुर मंडल के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओ और युवा मोर्चा के सदस्यों की सहभागिता रही।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर करें निराकरण

अपार आईडी का कार्य लंबित, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सेवा सेतु, जनदर्शन और अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में समुचित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सुघ्घर छ.ग. पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ किसान सम्मान निधि के पंजीयन कार्य को गंभीरता से पूरा करने को कहा। बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने इन कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाब-दावा प्रस्तुत करने को कहा, ताकि प्रकरणों के निराकरण में विलंब न हो। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने में लेटलतीफी पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए किसी भी पालक को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी को इस कार्य को गंभीरता से कराने के निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने एवं दर्ज करने का कार्य लंबित होने पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से नाराजगी व्यक्त की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से स्वीकृत आवासों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ आवासों का निर्माण तत्काल शुरू कराने तथा अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को गांवों में जाकर निर्माण कार्यों की प्रगति का आकलन करने तथा हितग्राहियों, सरपंचों और पंचायत सचिवों से समन्वय स्थापित कर आवासों को समय पर पूर्ण कराने को कहा।

नशे में वाहन चलाने और ओवरलोडिंग पर करें कार्रवाई-

कलेक्टर श्रीमती यादव ने जिला परिवहन अधिकारी को बसों, ऑटो सहित यात्री वाहनों की नियमित जांच करने तथा क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को शराब अथवा अन्य मादक पदार्थों के सेवन के बाद वाहन चलाने वालों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। साथ ही तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश दिए।

पीले फूल बिखेर रही अपनी सुंदरता...



बैकुण्ठपुर। इन दिनों पीलिया के पौधे पर पीले फूल लद गए है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। पीलिया फूल का वैज्ञानिक नाम टेकोमा स्टेंस है, यह फूल घंटी के आकार में गुच्छे में फूलता है। इसके कारण पूरे पौधे पर पीले फूल लद जाते है।

वनांचल में 22 वर्षों से शिक्षा और संस्कार की अलख जगा रहे व्याख्याता वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर



■ जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देकर संवार रहे भविष्य

वनांचल क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति जलाना और विद्यार्थियों के जीवन में संस्कारों का उजियारा भरना आसान काम नहीं है। सीमित संसाधनों, आर्थिक कठिनाइयों और ग्रामीण परिवेश की चुनौतियों के बीच शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पण और सेवाभाव की जरूरत होती है। इसी भावना के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहरासी, विकासखंड भरतपुर, जिला एमसीबी में पदस्थ व्याख्याता वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी पिछले 22 वर्षों से वनांचल क्षेत्र में शिक्षा और संस्कार की अलख जगा रहे हैं। शिक्षा के प्रति उनके इसी समर्पण और उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए उन्हें मनेंद्रगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की ओर से प्रदान किया गया यह सम्मान उनके लंबे शैक्षणिक अनुभव, विद्यार्थियों के प्रति प्रतिबद्धता और समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करता है। सम्मान समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा जगत से जुड़े अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों के कार्यों को सराहा गया। वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी का शैक्षणिक सफर केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने और परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं रहा है। उनकी कार्यशैली में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन, कर्तव्यबोध और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर भी जोर रहा है। वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं। दूरस्थ गांवों में रहने वाले अनेक परिवार आर्थिक कठिनाइयों के कारण बच्चों की पढ़ाई को लेकर परेशान रहते हैं। ऐसे माहौल में जरूरतमंद और गरीब परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की उनकी पहल महत्वपूर्ण है।

ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन कई बार आर्थिक परिस्थितियां बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में बाधा बन जाती हैं। ऐसे में शिक्षक की भूमिका कक्षा में पढ़ाने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत भी बन जाता है।

बच्चों का उज्ज्वल भविष्य ही सबसे बड़ा लक्ष्य

वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी का कहना है कि उनका पूरा जीवन विद्यालय और बच्चों को समर्पित है। बच्चों को शिक्षित करना, उनमें अच्छे संस्कार विकसित करना और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान देना ही उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी को मिला सम्मान वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों की पहचान है। ऐसे सम्मान शिक्षकों का उत्साह बढ़ाने के साथ समाज में शिक्षा और संस्कार के महत्व को भी रेखांकित करते हैं।

मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण

12 नवंबर से दर्ज करा सकेंगे दावे और आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, भारत निर्वाचन आयोग ने 15 अक्टूबर को पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची में शामिल होने से छूटे पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं और पहली बार मतदाता बनने वालों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण एवं पुनर्गठन 2 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को होगा। नागरिक 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां प्रस्तुत कर सकेंगे। इनका निराकरण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय ने जानकारी दी है कि 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, वर्ष 2027 की आगामी अर्हता तिथियों-1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को पात्र होने वाले नागरिक भी अग्रिम आवेदन जमा कर सकेंगे। मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 तथा प्रवासी भारतीय मतदाताओं के लिए फॉर्म-6ए निर्धारित है। नाम हटाने अथवा आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 और विवरण में संशोधन, स्थानांतरण एवं दिव्यांगता चिन्हांकन के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है। नागरिक मतदाता सेवा पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, मतदान केंद्रों के पुनर्गठन में प्रत्येक केंद्र पर मतदाताओं की संख्या अधिकतम 1,200 रखी जाएगी। मतदान केंद्र मतदाताओं के निवास से दो किलोमीटर के दायरे में और भवन के भूतल पर स्थित होने का प्रावधान रखा गया है। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, महिलाओं, बेघर एवं कमजोर वर्गों के पंजीकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सहायता केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। पंजीकरण के बाद मतदाता ऐप अथवा पोर्टल से अपना ई-ईपिक डाउनलोड कर सकेंगे। मतदाता पहचान पत्र की भौतिक प्रति स्पीड पोस्ट या बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। ऐप के बुक ए कॉल विद ए बीएलओ विकल्प से नागरिक अपने बूथ लेवल अधिकारी से बातचीत के लिए कॉल अनुरोध भी भेज सकते हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे 12 नवंबर को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम और विवरण अवश्य जांचें। नाम छूटने अथवा विवरण में त्रुटि होने पर निर्धारित समय-सीमा में संबंधित फॉर्म जमा करें। मतदाता पंजीकरण से जुड़ी सहायता एवं जानकारी के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

सरगुजा ओलंपिक में विनीत ने मान बढ़ाया

मनेन्द्रगढ़। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ के प्रतिभाशाली एवं ऊजार्वान भैया विनीत कुमार ने जिले में ओलंपिक 2026 की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी अद्भुत खेल प्रतिभा, दृढ़ संकल्प एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, अपितु समस्त विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। विनीत की यह सफलता उनकी लगन, अनुशासन, निरंतर अभ्यास तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी परिणाम है। खेल के मैदान में अपनी गति, साहस और आत्मविश्वास के साथ उन्होंने यह सिद्ध किया कि निरंतर परिश्रम एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर सफलता के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। उनकी यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। यह सफलता इस बात का प्रतीक है कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

स्कूल में सुरक्षित बचपन पर जागरूकता सत्र



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

■ बाल अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मनेन्द्रगढ़ में विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सुरक्षित बचपन विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यशवंत वासनिक, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मनेन्द्रगढ़ तथा माननीय लोकेश कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमसीबी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने, सम्मानपूर्वक जीवन जीने तथा अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने का अधिकार है। विद्यार्थियों को अनुचित व्यवहार की पहचान करने, किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के प्रति सजग रहने तथा विषम परिस्थितियों में बिना किसी भय के अपने अभिभावकों, शिक्षकों एवं विश्वसनीय वयस्कों से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में समाज एवं संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी वर्मा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके नैतिक, सामाजिक एवं भावनात्मक सशक्तीकरण के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सतर्कता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा सुरक्षित, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। विद्यालय परिवार ने इस ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

विधायक के प्रयासों से जनकपुर को मिली 3.89 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

■ जनकपुर मेन रोड से मनरेगा कार्यालय तक बनेगा गौरव

भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने की दिशा में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह के प्रयासों से जनकपुर को बड़ी सौगात मिली है। नगर पंचायत जनकपुर में जनकपुर मेन रोड से मनरेगा कार्यालय तक गौरव पथ निर्माण के लिए छ.ग. शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 3 करोड़ 89 लाख 87 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। शासन द्वारा 14 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के बाद इस बहुप्रतीक्षित विकास कार्य के आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है। विधायक



रेणुका सिंह क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। जनकपुर में गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति को उनके इन्हीं प्रयासों की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस परियोजना के पूरा होने से नगर की सड़क व्यवस्था को बेहतर बनाने, आवागमन को सुगम करने और क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने में मदद मिलेगी। शासन की ओर से जारी आदेश में निर्माण कार्य को निर्धारित तकनीकी मानकों, गुणवत्ता और समय-सीमा के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। वित्त विभाग की सहमति के बाद जारी इस प्रशासकीय स्वीकृति से अब नियमानुसार निविदा प्रक्रिया और निर्माण कार्य की आगे की कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जनकपुर में गौरव पथ निर्माण के लिए इतनी बड़ी राशि की स्वीकृति मिलने पर नगरवासियों में प्रसन्नता का माहौल है। नगरवासियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधायक रेणुका सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौरव पथ का निर्माण जनकपुर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मनेंद्रगढ़ के हक की लड़ाई रहेगी जारी



मनेंद्रगढ़। मनेंद्रगढ़ स्थित सेतु विभाग कार्यालय को बैकुंठपुर शिफ्ट करने की साजिश का कांग्रेसियों ने जोरदार विरोध किया। जैसे ही विभाग का सामान गाड़ी में लोड होने की खबर मिली, पार्षदों और कार्यकर्ताओ ने मौके पर पहुंचकर वाहन को घेरा और पूरा सामान वापस उतरवा दिया। उग्र प्रदर्शन के बाद तहसीलदार को मौके पर पहुंचना पड़ा। उनके कार्यालय मनेंद्रगढ़ में ही संचालित रहेगा के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया। मनेंद्रगढ़ के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान नगर पालिका परिषद नेता प्रतिपक्ष अनिल प्रजापति, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी शुद्धू लाल वर्मा, वरिष्ठ पार्षद अजय जायसवाल, पार्षद मुकेश अग्रवाल, पार्षद स्वप्निल सिन्हा, पार्षद पति रवि जैन, गीतिका चंदेल, अनिल वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेश सिंह पूर्व पार्षद अभय तेज बड़ा शिवम सिंह रशीद अंसारी व अन्य साथी मौजूद रहे।

मनाया गया असाटी दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



हर साल शरद पूर्णिमा को मनाया जाने वाला असाटी दिवस समारोह पूरे देश के साथ साथ मनेन्द्रगढ़ में भी मनाया गया। काली मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसके बाद मंदिर में विराजी माताराणी की आरती सभी सामाजिक बंधुओ ने मिलकर की। इस अवसर पर हौजी के अलावा अन्य गेम खेले गए और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित छतीसगढ़ असाटी समाज के उपाध्यक्ष अनीश गुप्ता, महिला समिति की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती भावना गुप्ता और महिला समिति मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता गुप्ता ने सभी को असाटी दिवस की बधाई दी। असाटी दिवस समारोह में अखिल भारतीय असाटी समाज महासभा के पूर्व राष्टीय युवा अध्यक्ष सतीश गुप्ता, उमेश गुप्ता, नितिन गुप्ता, आशीष गुप्ता, रोहित गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, छोटेलाल असाटी, श्रीमती माया गुप्ता, श्रीमती शीला गुप्ता, श्रीमती गीता गुप्ता, श्रीमती सविता गुप्ता, श्रीमती अंजना गुप्ता, श्रीमती अभिलेख गुप्ता, श्रीमती हेमलता गुप्ता, श्रीमती संगीता गुप्ता, श्रीमती अनामिका गुप्ता, श्रीमती साक्षी गुप्ता, श्रीमती स्वाति गुप्ता, श्रीमती सोनम गुप्ता, सिद्धि गुप्ता उपस्तिथ रहे। सभी सामाजिक बंधुओ ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

पृष्ठ 1 का शेष

बेमौसम बारिश...

तथा आवश्यक संसाधनों एवं राहत-बचाव व्यवस्थाओं को तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा 26 अक्टूबर 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशो के परिपालन में जिला प्रशासन ने संभावित आपदा से निपटने के लिए विभागवार जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है। कलेक्टर ने जिला कार्यालय सहित सभी तहसील स्तर पर संचालित नियंत्रण कक्षों को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं।

अखंड सुहाग की ...

करवा चौथ पर सजने-संवरने के लिए महिलाएं विशेष तैयारियां करती हैं। सोलह श्रृंगार के साथ आकर्षक रूप में पूजा करने की परंपरा के चलते शहर के ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी है। कई पार्लरों में सजने-संवरने के लिए महिलाओं को पहले से समय लेना पड़ रहा है। मेहंदी रचाने को लेकर भी खासा उत्साह है। हालांकि, कई महिलाएं घर पर ही हाथों में मेहंदी लगा रही हैं, लेकिन पार्लरों में भी मेहंदी लगवाने के लिए महिलाएं पहुंच रही हैं। पर्व को लेकर कपड़ों की दुकानों में भी महिलाओं की आवाजाही बढ़ गई है।

